दिन– शुक्रवार                                                                 दिनांक– 26 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                    अवधि– 15 मिनट

---

01. देश आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

02. प्रदेश में एक लाख साठ हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में की घोषणा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कम बारिश की स्थिति को देखते हुए किसानों को डीजल अनुदान और आज से चौदह घंटे बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

04. और, भाजपा ने डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

---

देशभर में आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर देश सैनिकों के बलिदान को याद कर रहा है। आज ही के दिन सेना ने उन्नीस सौ निन्यानवे में युद्ध के बाद करगिल में पाकिस्तानी सेना पर विजय हासिल की थी। एक श्रद्धांजलि–

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करगिल युद्ध स्मारक जायेंगे। वे सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह देश के रक्षकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने का दिन है। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

प्रदेश में एक लाख साठ हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार छह में राज्य में शिक्षकों की कुल संख्या एक लाख अस्सी हजार थी, जो दो हजार चौबीस में बढ़कर पांच लाख

सतहत्तर हजार हो चुकी है। नयी नियुक्तिओं के बाद राज्य में शिक्षकों की संख्या बढ़कर सात लाख सैंतीस हजार हो जायेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहले पैंसठ बच्चों पर एक शिक्षक हुआ करते थे, आज बत्तीस बच्चों पर एक शिक्षक हैं। उन्होंने कहा कि सक्षमता परीक्षा के माध्यम से नियोजित कर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की प्रक्रिया शुरू है। श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए भी नई नीति बनाई जा रही है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सरकार ने सभी विधायकों से दस–दस विद्यालयों की सूची मांगी है। इन विद्यालयों का जीर्णोद्धार किया जाएगा और यहां सुविधाओं का विस्तार होगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किसानों को डीजल अनुदान और चौदह घंटे बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान श्री कुमार ने कहा कि कम बारिश की स्थिति को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए आज से आठ घंटे की जगह चौदह घंटे प्रतिदिन निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी। मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये।

---

विधानसभा ने कल प्रथम अनुपूरक और विनियोग विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया। इसमें समग्र शिक्षा के लिये आठ हजार पांच सौ पचास करोड़ रूपये का प्रावधान है। वहीं, सड़क और पुलों के निर्माण के लिए दो हजार अंठानवे करोड़ रुपए और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए एक हजार करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। मध्याह्न भोजन योजना के लिये दो सौ करोड़ रूपये का प्रावधान है। विधेयक पर चर्चा का जबाव देते हुए उप मुख्यमंत्री सह चौधरी ने कहा कि सैंतालीस हजार पांच सौ बारह करोड़ रूपये के प्रथम अनुपूरक बजट में वार्षिक स्कीम मद में पच्चीस हजार पांच सौ इक्यावन करोड़ जबकि स्थापना और प्रतिबद्ध व्यय मद में इक्कीस हजार नौ सौ चौवन करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे।

---

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने कहा है कि सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल को फिर से चालू कराने को लेकर राज्य सरकार प्रयासरत है। विधानसभा में

एक ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुए श्री पासवान ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही निविदा जारी होगी।

---

प्रदेश में इकतीस मार्च, दो हजार तेईस तक विभिन्न विभागों द्वारा सत्तासी हजार नौ सौ सैंतालीस करोड़ रूपये का उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा नहीं किया गया है। विधानमंडल में पेश किये गये भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में ये बात सामने आयी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सबसे अधिक छब्बीस हजार छह सौ बानवे करोड़ रूपये का उपयोगिता प्रमाणपत्र शिक्षा विभाग का बकाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य के नगर निकायों ने कचरा प्रसंस्करण की व्यवस्था के बिना ही डस्टबिन बांट दिए। रिपोर्ट में नगर विकास विभाग से इस संबंध में योजना बनाने की अनुशंसा की गई है। सीएजी ने राज्य के अट्ठाईस नगर निकायों में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था में हुए खर्च का भी परीक्षण किया है। इसमें कहा गया है कि पूरी प्रक्रिया में तय आठ मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।

---

भाजपा ने डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने ये जानकारी दी। डॉ. जायसवाल सम्राट चौधरी का स्थान लेंगे जो राज्य के उप मुख्यमंत्री हैं। विधान पार्षद डॉ. दिलीप जायसवाल वर्तमान में राज्य के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री हैं। मूल रूप से खगड़िया जिले के रहने वाले डॉ. जायसवाल पिछले दो दशक से सक्रिय राजनीति से जुड़े हैं और तीसरी बार बिहार विधान परिषद के लिए चुने गये हैं। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर डॉ. जायसवाल ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना और आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की मजबूत सरकार बनाना उनकी प्राथमिकता होगी।

———बाईट———

इधर, डॉ. दिलीप जायसवाल को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

---

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व विधायक राजीव रंजन का कल शाम हृदयगति रूक जाने से नई दिल्ली में निधन हो गया। वे तिहत्तर वर्ष के थे। उनके पुत्र रोहेल रंजन ने बताया कि कल शाम सात बजे अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों के प्रयासों के वाबजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। राजीव रंजन के निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरा दुख जताया है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी के निधन पर दुख जताते हुए संवेदना व्यक्त की है। श्री मोदी ने मुकेश सहनी को भेजे अपने शोक संदेश में कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरे परिवार के साथ उनकी संवेदनाएं हैं।

---

पटना एम्स में अगले महीने से किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू हो जाएगी। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी. के. पॉल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानव अंग और ऊत्तक प्रत्यारोपण अधिनियम के तहत पटना एम्स को किडनी प्रत्यारोण की मंजूरी मिल गयी है। उन्होंने बताया कि सात चिकित्सकों की टीम ने किडनी प्रत्यारोपण के लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और अस्पताल में अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी गयी हैं। डॉ. पॉल ने कहा कि पटना एम्स में निजी अस्पतालों की तुलना में काफी कम खर्च पर किडनी प्रत्यारोपण हो सकेगा।

---

राज्य के सरकारी और निजी बीएड कॉलेज में आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नोडल एजेंसी ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने कल पहली मेधा सूची जारी की। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बर– **नौ चार तीन एक शून्य चार एक छह नौ चार** पर संपर्क कर सकते हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति आज इंटरमीडिएट में नामांकन के लिए दूसरी मेधा सूची जारी करेगा। इस सूची में शामिल छात्रों के लिए तीस जुलाई तक आवंटित संस्थानों में नामांकन लेना अनिवार्य होगा।

---

बिहार एटीएस और गोपालगंज पुलिस की विशेष टीम ने कुख्यात लॉरेन्स विश्नोई गिरोह के एक और सदस्य दिनेश सिंह रावत को राजस्थान के अजमेर जिले के केसरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पिछले दिनों कुचायकोट थाना क्षेत्र से इस गिरोह के दो सदस्यों की गिरफ्तारी हुयी थी। इन दोनों की निशानदेही पर ये कार्रवाई की गयी है।

---

नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड की सतौआ पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति की अपराधियों ने अपहरण के बाद हत्या कर दी। उनका शव जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के विशनपुर के पास मिला है। पुलिस ने पीट–पीट कर हत्या की आशंका जताई है।

---

बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र के अवध – तिरहुत पथ पर अपराधियों ने एक फाईनान्स कंपनी के कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

पटना की पॉक्सो अदालत ने नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी देवानंद राय को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख पंद्रह हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सीएम के अपमान में राजद एमएलसी सुनील सिंह की जा सकती है सदस्यता।

**प्रभात खबर** लिखता है – एक लाख साठ हजार नए शिक्षकों की होगी नियुक्ति। अगस्त के बाद विज्ञापन।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है – तेलांगाना की छात्रा की मदद के लिए इंटरनेट पर चलाया अभियान। बकरी चराते की तैयारी, अब आईआईटी पटना में करेगी पढ़ाई। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पटना स्मार्ट सिटी के चौवालीस में से उनतीस

प्रोजेक्ट हो गए फेल। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है – बिहार में अबतक सामान्य से तीस फीसदी कम बारिश। पटना में अड़तालीस प्रतिशत की कमी।

**आज** अखबार की विशेष खबर है– राष्ट्रपति भवन के दरबार और अशोका हॉल के नाम बदले गए।

**राष्ट्रीय सहारा** ने खनन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को तरजीह देते हुए लिखा है– राज्यों को रॉयल्टी का अधिकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. देश आज पच्चीसवां करगिल विजय दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।
02. प्रदेश में एक लाख साठ हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में की घोषणा।
03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कम बारिश की स्थिति को देखते हुए किसानों को डीजल अनुदान और आज से चौदह घंटे बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।
04. और, भाजपा ने डॉ. दिलीप जायसवाल को बिहार का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।